Website : www.highwaychannel.in

छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक प्रसारित शाम का अखबार

हाईवे चैनल

वर्ष- 28 अंक- 241 रायपुर, बुधवार 24 सितम्बर 2025 पृष्ठ-8 मूल्य- 2.50 रुपया • रायपुर • जगदलपुर से प्रकाशित RNI रजिस्ट्रेशन नं. 68139/98

64 लाख के 30 इनामी सहित 71 नक्सलियों ने किया सरेंडर

जगदलपुर/दंतेवाड़ा, 24 सितम्बर (हाईवे चैनल)। प्रदेश में 'लाल आंतक' घुटने टेकने लगा है. लगातार सुरक्षाबलों के जवानों की ओर से चलाए जा रहे सर्च ऑपरेशन से घबराए और छत्तीसगढ़ सरकार की पुनर्वास नीति से प्रभावित होकर बड़ी संख्या में नक्सली हथियार फेंक रहे हैं और मुख्य धारा में जुड़ रहे हैं. इस कड़ी में दंतेवाड़ा जिले में एक साथ 71 नक्सलियों ने सरेंडर किया है. इनमें 64 लाख के 30 इनामी नक्सली भी शामिल हैं.

छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा जिले में पुलिस अधीक्षक गौरव रॉय और सीआरपीएफ अधिकारियों के सामने 71 नक्सलियों ने हथियार छोड़ सरेंडर किया है. आत्मसर्पण करने वाले इन नक्सलियों में 64 लाख के इनामी 30 नक्सली भी शामिल हैं. इन सभी नक्सलियों ने लोन वर्राटू अभियान के तहत आत्मसमर्पण किया है.

कई घटनाओं में शामिल थे नक्सली

जानकारी के मुताबिक आत्मसमर्पण करने वाले ये सभी नक्सली कई घटनाओं में शामिल थे. अब इन आत्म समर्पित नक्सलियों को कौशल विकास हेतु सहायता प्रदान की जाएगी. साथ ही आत्मसमर्पित नक्सलियों को जिला प्रशासन द्वारा पुर्नवासन योजना के तहत दैनिक उपयोगी वस्तुएं प्रदान की गई.

पुलिस और सुरक्षाबलों के साथ मुठभेड़ में 3 नक्सली ढेर, दो पांच-पांच लाख के इनामी

रांची, 24 सितंबर (न्यूज चैनल)। झारखंड के गुमला जिले में बुधवार सुबह सुरक्षा बलों और पुलिस के साथ मुठभेड़ में तीन नक्सली मारे गए हैं। इनमें पांच-पांच लाख के इनामी लालू लोहरा और छोटू उरांव के अलावा सुजीत उरांव शामिल हैं। तीनों प्रतिबंधित नक्सली संगठन झारखंड जनमुक्ति परिषद (जेजेएमपी) से जुड़े थे। यह मुठभेड़ बिशुनपुर थाना क्षेत्र के केचकी जंगल में हुई। गुमला पुलिस ने तीन नक्सलियों के मारे जाने की पुष्टि की है। मारे गए नक्सलियों में लोहरदगा निवासी लालू लोहरा जेजेएमपी का सब-जोनल कमांडर था। उसके पास से एके-47 राइफल बरामद हुई है। दूसरा नक्सली छोटू उरांव लातेहार का रहने वाला था और वह भी नक्सली संगठन में सब-जोनल कमांडर था। इन दोनों पर पांच-पांच लाख रुपए के इनाम थे।

वहीं, तीसरा नक्सली सुजीत उरांव, लोहरदगा का रहने वाला था और संगठन में कैडर के रूप में सक्रिय था। मारे गए नक्सलियों के पास से एके 47 सहित कई हथियारों की बरामदगी हुई है। मुठभेड़ के बाद इलाके में सर्च ऑपरेशन जारी है। सितंबर महीने में सुरक्षा बलों और पुलिस के साथ नक्सलियों की मुठभेड़ की यह चौथी घटना है, जिसमें आठ नक्सली मारे गए हैं।

पूरे प्रदेश में झमाझम बारिश का दौर जारी, अलर्ट जारी

रायपुर/धमतरी, 24 सितंबर (हाईवे चैनल)। छत्तीसगढ़ में मानसून एक बार फिर सक्रिय हो गया है। राजधानी रायपुर समेत प्रदेश के कई हिस्सों में मंगलवार देर रात से झमाझम बारिश का दौर जारी है। मौसम विभाग ने मध्य और दक्षिण छत्तीसगढ़ के कई जिलों में भारी बारिश, गरज-चमक और तेज हवा चलने का अलर्ट जारी किया है।

तापमान में आई गिरावट, उमस से मिली राहत, निचली बस्तियो में रही जल भराव की समस्या

मौसम विभाग ने कुछ जिलों में आरेंज अलर्ट जारी किया है उनमें गरियाबंद, महासमुंद, रायपुर, बलौदा बाजार, जांजगीर-चांपा, रायगढ़, बिलासपुर, कोरबा, गौरेला-पेंड्रा मरवाही, बेमेतरा, मुंगेली, सुरगुजा, सूरजपुर, कोरिया और बलरामपुर जिलों में तेज बारिश के साथ मेघगर्जन, बिजली गिरने और 30-40 किमी/घंटा की रफ्तार से हवा चलने की संभावना है। यलो अलर्ट- सुकमा, बीजापुर, दंतेवाड़ा, बस्तर, नारायणपुर, कोंडागांव, कांकेर, धमतरी, बालोद, दुर्ग, कबीरधाम, जशपुर समेत प्रदेश के कई जिलों में मध्यम वर्षा की चेतावनी जारी की गई है।

मौसम विभाग के अनुसार गंगेटिक पश्चिम बंगाल, उत्तर उड़ीसा और उत्तर पश्चिम बंगाल की खाड़ी में निम्न दाब का क्षेत्र सक्रिय है। इसके प्रभाव से ऊपरी हवा में चक्रीय परिसंचरण बना हुआ है, जो अगले 24 घंटों में कमजोर होगा। इस सिस्टम से जुड़ी द्रोणिकाएं छत्तीसगढ़ से होकर गुजर रही हैं, जिसके चलते आज प्रदेश के अनेक स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा और कुछ इलाकों में भारी बारिश की संभावना है।

छत्तीसगढ़ मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक 25 सितंबर को उत्तर पश्चिम बंगाल की खाड़ी में नया निम्न दाब का क्षेत्र बनने की संभावना है। यह सिस्टम धीरे-धीरे प्रबल होकर अवदाब में बदल सकता है और 27 सितंबर तक दक्षिण उड़ीसा-उत्तर आंध्र तट के पास पहुंच सकता है। इसके असर से 26 सितंबर से बस्तर संभाग और आसपास के जिलों में भारी से अति भारी वर्षा होने की आशंका है। छत्तीसगढ़ राजधानी रायपुर में आज आसमान पर बादल छाए रहेंगे। बादल गरजने-चमकने के साथ बारिश होने की संभावना है। अधिकतम तापमान करीब 33 डिग्री और न्यूनतम तापमान 24 डिग्री सेल्सियस रहने का अनुमान है।

इधर **धमतरी संवाददाता** ने बताया कि बीती रात्रि लगभग 12 बजे शहर में बूंदाबांदी शुरु हुई जो कि रात भर जारी रहा। सुबह-सुबह बारिश में तेजी आई जो कि घंटो जारी रहा। बारिश से तापमान में कमी आई है। उमस से लोगों को राहत मिली। मौसम खुशनुमा हो गया। हालांकि लगातार बारिश से बच्चों को स्कूल व लोगो को काम पर जाने में परेशानी हुई। शहर के कुछ निचली बस्तियों में जल भराव की समस्या भी नजर आई।

मौसम से मिली जानकारी के अनुसार बंगाल की खाड़ी में सिस्टम बना है। जिसका प्रदेश भर में नजर आ रहा है। मौसम विभाग ने प्रदेश के 16 जिलो के लिए येलो व 7 जिलो के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। इस प्रकार प्रदेश के अधिकांश हिस्सो में बारिश हो रही है। धमतरी में भी बारिश का व्यापक असर नजर आ रहा है। वर्तमान में नवरात्र पर्व जारी है। ऐसे में बारिश से पर्व में खलल उत्पन्न हो रहा है। मौसम विभाग के अनुसार अलग सप्ताह भर तक धमतरी सहित प्रदेश में बारिश के आसार बने रहेंगे। हालांकि 15 सितम्बर से दक्षिण-पश्चिम मानसून के विदाई का दौरान शुरु हो जाता है। लेकिन वर्तमान में नये सिस्टम के कारण लगातार वर्षा हो रही है।

ब्रेकिंग न्यूज

जगन्नाथ मंदिर श्रद्धालुओं के लिए बंद

नई दिल्ली, 24 सितम्बर (न्यूज चैनल)। ओडिशा के पुरी स्थित जगन्नाथ मंदिर को मंगलवार सुबह 10 बजे से श्रद्धालुओं के लिए बंद कर दिया गया। अधिकारियों ने कड़ी सुरक्षा के बीच आभूषणों एवं अन्य मूल्यवान वस्तुओं को 'रत्न भंडार' या खजाने में स्थानांतरित करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। मंदिर प्रशासन की ओर से जारी सूचना के अनुसार, यह निर्णय विशेष परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए लिया गया है। इस दौरान आम भक्तों को मंदिर में प्रवेश की अनुमति नहीं होगी।

आश्रम में स्वामी का गंदा खेल, वॉर्डन जबरन करवाती मुलाकात, 17 छात्राएं बोलीं- करता था अश्लील हरकतें

नई दिल्ली, 24 सितम्बर (न्यूज चैनल)। दिल्ली के वसंत कुंज इलाके के एक प्रमुख आश्रम में यौन उत्पीड़न और छेड़छाड़ के आरोपों ने हड़कंप मचा दिया है। यहां पढ़ाई कर रही 17 छात्राओं ने आश्रम के संचालक स्वामी चैतन्यानंद सरस्वती उर्फ पार्थ सारथी पर गंभीर आरोप लगाए हैं। छात्राओं ने पुलिस को बताया कि उन्होंने आश्रम में अपने साथ हुई अश्लील हरकतों और छेड़छाड़ की घटना का खुलासा किया है, जिसके बाद आरोपी संचालक फरार हो गया है। श्री शृंगेरी मठ के प्रशासक पी.ए. मुरली की शिकायत के बाद वसंत कुंज (नार्थ) थाना पुलिस ने स्वामी चैतन्यानंद के खिलाफ कई धाराओं में यौन उत्पीड़न का मामला दर्ज किया है। आश्रम में चल रहे मैनेजमेंट कोर्स में लगभग 35 छात्राएं पढ़ती हैं, जिनमें से 17 ने पुलिस को बयान दिए हैं। सभी ने आरोप लगाया है कि आरोपी ने उनसे अश्लील भाषा का प्रयोग किया, आपत्तिजनक मैसेज भेजे और जबरन शारीरिक संपर्क की कोशिश की। पुलिस ने आश्रम के सीसीटीवी फुटेज और हार्ड डिस्क को जब्त कर फॉरेंसिक जांच के लिए भेजा है। इसके अलावा, 16 पीड़िताओं के बयान अदालत में धारा 164 के तहत दर्ज किए जा चुके हैं। छात्राओं ने यह भी आरोप लगाया है कि आश्रम की महिला फैकल्टी और प्रशासनिक स्टाफ ने संचालक का साथ दिया और छात्राओं को दबाव में रखा कि वे उसकी मांगें स्वीकार करें। इसके अलावा, आश्रम में काम करने वाली कुछ वॉर्डन भी आरोपी से छात्राओं को मिलवाती थीं।

छत्तीसगढ़ में 100 करोड़ से अधिक की टैक्स चोरी स्टेट जीएसटी की टीम ने व्यापारी को किया गिरफ्तार

रायपुर, 24 सितंबर (हाईवे चैनल)। स्टेट जीएसटी की टीम ने एक व्यापारी को गिरफ्तार किया है. विभाग के उच्च पदस्थ सूत्रों ने बताया कि दुर्ग से एक व्यापारी को गिरफ्तार किया गया है. जानकारी के मुताबिक आरोपी व्यापारी पर 100 करोड़ से अधिक के टैक्स चोरी का खुलासा होने की उम्मीद है. सूत्रों के मुताबिक ये पूरा मामला गुटखा बिक्री से जुड़ा हुआ है. सूत्र बताते है कि पिछले दिनों दुर्ग जिले के गनियारी गांव में स्थित सितार गुटखा फैक्ट्री पर जीएसटी विभाग ने सटीक प्लानिंग और फिल्मी अंदाज में दबिश दी थी. छापेमारी के दौरान फैक्ट्री से भारी मात्रा में गुटखा बनाने का सामान, रैपर और मशीनें जब्त की गई थी. सूत्र बताते है कि गुटखा फैक्ट्री चलाने वाले व्यापारी गुरमुख को गिरफ्तार कर लिया गया है।

सूत्रों के मुताबिक आरोपी व्यापारी पुलिस और खाद्य विभाग की साठ-गाठ से बड़े पैमाने में सितार गुटखा बनाता है, ये काम उक्त व्यापारी करीब 4-5 वर्षों से करता आ रहा है.

आरोपी की गिरफ्तारी के बाद कई चौंकाने वाले खुलासे होने की उम्मीद है. जानकारी के मुताबिक, फैक्ट्री मालिक यहां रात के अंधेरे में कम रोशनी में मध्यप्रदेश के कर्मचारियों से काम कराता था, वह भी रात 8 बजे से सुबह 8 बजे तक की शिफ्ट में. जिसको ध्यान में रखते हुए छापेमारी से पहले लस्त्र टीम ने आधा किलोमीटर पहले ही गाड़ी की लाइटें बंद कर दी थीं. जिसके बाद फैक्ट्री के चारों तरफ चक्कर लगाकर संभावित गुप्त रास्तों की भी जांच की गई. फिर रात करीब 3 बजे फैक्ट्री की सात फीट ऊंची दीवार फांदकर टीम ने अंदर प्रवेश किया. अधिकारियों को देख वहां मौजूद सभी कर्मचारी सकपका गए।

भाजपा अब नीतीश कुमार को बोझ मानती है : खरगे

नई दिल्ली, 24 सितम्बर (न्यूज चैनल)। बिहार में पहली बार कांग्रेस कार्यसमिति की बैठक हो रही है। यह विस्तारित बैठक है, जिसमें राज्यों के कांग्रेसी सीएम, डिप्टी सीएम, प्रदेश अध्यक्ष भी मौजूद। कांग्रेस राहुल गांधी अकेले ही पटना पहुंचे। उनके साथ उनकी मां सोनिया गांधी और बहन प्रियंका गांधी पटना नहीं आईं।

सोनिया गांधी के नहीं आने के सवाल पर बघेल ने मल्लिकार्जुन खरगे के हवाले से कहा कि वह आना चाहती थीं, लेकिन तबीयत खराब होने के कारण वह नहीं आ पाईं। मुख्यमंत्री पद के चेहरे के सवाल पर उन्होंने कहा कि कांग्रेस कमेटी की बैठक है। जब इंडिया गठबंधन की बैठक होगी तब मुख्यमंत्री पद के चेहरे पर बात होगी। सीडब्ल्यूसी की बैठक चल रही है। इस बीच राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने बैठक में क्या क्या बातें कही? उसे रखने के लिए छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने पत्रकारों से बातचीत की। उन्होंने एनडीए सरकार पर जमकर हमला बोला। कहा कि प्रधानमंत्री मोदी आर्थिक और विदेश नीति के मोर्चे पर पूरी तरह फेल हो गए हैं। जिस कारण देश के हालात काफी खबर हो गए हैं। कांग्रेस अध्यक्ष खरगे ने सीडब्ल्यूसी बैठक में कहा कि हम ऐसे समय मिल रहे हैं जब भारत अंतरराष्ट्रीय और राष्ट्रीय, दोनों स्तरों पर बेहद चुनौतीपूर्ण दौर से गुजर रहा है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जो समस्याएं हैं, वे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनकी सरकार की कूटनीतिक विफलता का नतीजा हैं। जिन दोस्तों पर प्रधानमंत्री मेरे दोस्त कहकर गर्व करते हैं, वही आज भारत को कई परेशानियों में डाल रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी आर्थिक और विदेश नीति के मामले के फेल हो गए। इसका खामियाजा जनता को भुगताना पड़ रहा है। बिहार चुनाव पर उन्होंने कहा कि भाजपा अब नीतीश कुमार को बोझ मान रही है।

नाले में बह गई स्विफ्ट कार, 3 लोगों ने बचाई अपनी जान

इधर सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिले से एक दिल दहला देने वाला वीडियो सामने आया है, जिसमें देखते ही देखते एक स्विफ्ट कार नाले में बह गई. कार में सवार तीन लोगों ने पानी में कूदकर किसी तरह अपनी जान बचाई.

बता दें कि बीती रात से जारी मूसलाधार बारिश ने जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया है. नाले और नदियां उफान पर हैं. बरमकेला के विक्रमपाली के पास बुधवार को किकारी नाले को नाला पार कर रही कार अचानक तेज धार मे बह गई. मौके पर मौजूद लोगों में यह नजारा देख हड़कंप मच गया. कार पानी के बहाव में तेजी से बहने लगी. समय रहते कार सवारों ने तैरकर अपनी जान बचाई, जिससे बड़ा हादसा होने से टल गया. वहीं देखते ही देखते कार नदी में समा गई. जानकारी के मुताबिक, उड़ीसा नंबर की स्विफ्ट कार में सवार तीन लोगों ने जोखिम उठाते हुए पुल के ऊपर से बहते पानी को पार करने की कोशिश की. तेज बहाव में कार अचानक बेकाबू होकर नाले में बह गई. मौके पर मौजूद लोगों में हड़कंप मच गया, गनीमत रही कि कार सवार तीनों व्यक्ति तैरकर सुरक्षित बाहर निकल आए, इस खतरनाक घटना का वीडियो भी सामने आया है, जिसमें साफ दिख रहा है कि चालक ने भारी लापरवाही बरती है.

दिग्गज अंपायर हेरोल्ड 'डिकी' बर्ड का निधन

नई दिल्ली, 24 सितम्बर (न्यूज चैनल)। बेहद लोकप्रिय और महान अंपायर हेरोल्ड 'डिकी' बर्ड का 92 वर्ष की आयु में निधन हो गया। बर्ड ने 1973 और 1996 के बीच अपने लंबे करियर में 66 टेस्ट और 69 एकदिवसीय मैचों में अंपायरिंग की थी। अंपायर के तौर पर बर्ड का आखिरी टेस्ट 1996 में लॉर्ड्स में भारत और इंग्लैंड के बीच खेला गया था। इसी मैच में पूर्व कप्तान राहुल द्रविड़ और सौरव गांगुली ने टेस्ट प्रारूप में पदार्पण किया था।

तीन वर्ल्ड कप फाइनल में की थी अंपायरिंग

यॉर्कशर काउंटी क्लब ने यहां जारी बयान में कहा, ''यॉर्कशर काउंटी क्रिकेट क्लब को बड़े दुख के साथ यह घोषणा करनी पड़ रही है कि क्रिकेट के सबसे चहेते लोगों में से एक हेरोल्ड डेनिस 'डिकी% बर्ड एमबीई ओबीई का 92 वर्ष की आयु में अपने घर पर निधन हो गया। उन्होंने कहा, '' वह अपने पीछे खेल भावना, विनम्रता और खुशी की विरासत के साथ कई पीढ़ियों के प्रशंसकों की एक फौज छोड़ गये हैं। बर्ड का यॉर्कशर के साथ लंबे समय तक जुड़ाव रहा। उन्होंने 1956 में इस काउंटी के साथ अपने प्रथम श्रेणी करियर की शुरुआत की और 1964 में करियर समाप्त होने तक 93 मैचों में 3,314 रन बनाए। इसमें दो शतक भी शामिल हैं।

क्लब ने कहा, ''इस समय यॉर्कशर काउंटी क्रिकेट क्लब में हर किसी की संवेदनाएं डिकी के परिवार और दोस्तों के साथ हैं। क्लब में सभी लोग उन्हें बहुत याद करेंगे क्योंकि उन्होंने यहां सभी के समर्थन में अविश्वसनीय रूप से बहुत समय बिताया। उन्हें यॉर्कशर के इतिहास के सबसे महान इंसान में से एक के रूप में याद किया जाएगा। बर्ड को 1986 में क्रिकेट में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए एमबीई और 2012 में ओबीई से सम्मानित किया गया था। उन्होंने हमवतन दिवंगत डेविड शेफर्ड (2009 में निधन) के साथ मैदान पर अंपायरिंग की खास जोड़ी बनाई। बर्ड अपने फैसलों की सटीकता और अपनी खास आदतों के कारण दर्शकों और खिलाड़ियों दोनों के बीच काफी लोकप्रिय थे। वह अकसर मैच स्थल पर सुबह छह बजे ही पहुंच जाते थे। भारत और इंग्लैंड के बीच 1974 में ओल्ड ट्रैफर्ड में खेले गये टेस्ट मैच के दौरान भारतीय दिग्गज सुनील गावस्कर ने बर्ड से अपने बाल कटवाए क्योंकि उनके बाल बार-बार उनकी आंखों में आ रहे थे। बर्ड ने इसके लिए गेंद की सीम के धागे को काटने वाली कैंची का इस्तेमाल किया था। बर्ड ने बाद में कहा,''यह वही है जो सभी अंपायरों को अपने पास रखना चाहिए।

1106 पदोन्नत व्याख्याताओं के लिए ओपन काउंसिलिंग आज से

रायपुर, 24 सितंबर। छत्तीसगढ़ लोक शिक्षण संचालनालय ने कार्यालयीन आदेश दिनांक 22 जुलाई 2025 के तहत शिक्षक पद से व्याख्याता और व्याख्याता एल.बी. संवर्ग में विषयवार पदोन्नति आदेश जारी किया है। पदोन्नत व्याख्याताओं के शाला आबंटन की प्रक्रिया ओपन काउंसिलिंग के माध्यम से की जाएगी। विभागीय अधिकारियों ने बताया कि यह काउंसिलिंग 25 सितंबर 2025 से 28 सितंबर 2025 तक शिक्षक शिक्षा महाविद्यालय परिसर, शंकर नगर, रायपुर में संपन्न होगी। इस प्रक्रिया में कुल 1106 पदोन्नत व्याख्याता/व्याख्याता एल.बी. शामिल होंगे। अधिकारियों ने यह भी बताया कि काउंसिलिंग से संबंधित प्रतिदिन की सूची, रिक्त पदों की सूची और समय-सारणी विभागीय पोर्टल पर उपलब्ध है। लोक शिक्षण संचालनालय ने सभी पदोन्नत व्याख्याताओं से समय पर उपस्थित होने का अनुरोध किया है।

जेल में दंगा, गोलियों की गड़गड़ाहट और धमाकों से दहला इक्वाडोर, 14 लोगों की मौत

नई दिल्ली, 24 सितम्बर (न्यूज चैनल)। दक्षिण-पश्चिमी इक्वाडोर की एक जेल में हुए दंगों में कम से कम 14 लोगों की मौत हो गई जबकि 14 अन्य घायल हो गए। यह जानकारी इक्वाडोर की राष्ट्रीय पुलिस ने दी। उन्होंने बताया कि एल ओरो प्रांत की राजधानी मचाला शहर स्थित जेल में सोमवार तड़के दंगों के बीच गोलीबारी एवं विस्फोट की सूचना मिली। एल ओरो के पुलिस प्रमुख विलियम कैले ने स्थानीय टीवी नेटवर्क इंक्वाविसा को बताया कि घटना में 13 कैदियों और एक गार्ड की मौत हो गई तथा 14 अन्य घायल हुए हैं। घायलों को पास के अस्पतालों में भर्ती किया गया। कैले ने कहा कि मारे गए अधिकतर लोग इक्वाडोर के सबसे हिंसक समूहों में से एक लॉस चोनेरोस से संबंधित थे। उन्होंने बताया कि झड़पों के दौरान कई कैदी भाग निकले। जेल अधिकारी फरार कैदियों की सही संख्या का पता लगाने का काम कर रहे हैं।

बिरादरी की बात

चूहा- सुनती हो, कांग्रेस नेता खरगे कह रहे हैं कि नितिश कुमार अब एनडीए के लिए बोझ हैं।

चुहिया- हां जी, लेकिन वे तो मात्र 70 किलो के ही होंगे..!